# नंद विहार में पहली बार निकली भोलेनाथ की बारात, शिव-पार्वती विवाह ने मोहा मन

### कन्याओं ने शिव-पार्वती मिलन से मां काली तक की दी प्रस्तुति; मातृशक्ति ने गरबा से बांधा समा

**खंडवा।** सावन माह में शहर शिवभक्ति में सराबोर है। इसी क्रम में नंद विहार कॉलोनी में बुधवार रात पहली बार भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। नंद विहार समिति अध्यक्ष पवन मेहता की पहल और समिति सदस्यों के सहयोग से आयोजित बारात में धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी रंग देखने को मिला। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शिव की बारात में बारात में कॉलोनी की कन्याओं ने शिव-पार्वती मिलन, विवाह और मां काली के स्वरूप की मनमोहक प्रस्तुति दी। आकर्षक रोशनी और भक्ति गीतों के बीच निकली बारात को देखने के लिए बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

**डीजे की धुन पर निकली बारात–** भगवान भोलेनाथ की बारात नंद विहार कॉलोनी की गलियों से निकली। डीजे की धार्मिक धुनों और रंगारंग लाइटिंग के बीच श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। बारात में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह के साथ सहभागिता की। जगह-जगह बारात का स्वागत भी किया गया।

**कन्याओं ने प्रस्तुत किए धार्मिक प्रसंग–** समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बारात में कॉलोनी की कन्याओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन से लेकर



विवाह तक के प्रसंगों को नृत्य और अभिनय के माध्यम से जीवंत किया। इसके बाद मां काली के स्वरूप की प्रस्तुति दी गई। आकर्षक वेशभूषा और सजीव अभिनय ने दर्शकों को बांधे रखा। प्रस्तुतियों के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल गूंजता रहा।

**नंदेश्वर महादेव मंदिर में हुआ शिव-पार्वती विवाह–** बारात श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां शिव-पार्वती विवाह की विशेष प्रस्तुति हुई। विवाह प्रसंग के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए और भगवान शिव-पार्वती का स्मरण किया।

**मातृशक्ति ने दी गरबा की प्रस्तुति–** धार्मिक कार्यक्रम के बाद कॉलोनी की मातृशक्ति ने गरबा की आकर्षक प्रस्तुति दी। महिलाओं के सामूहिक गरबा ने आयोजन में उत्सव का रंग भर दिया। कॉलोनीवासियों ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### समिति के प्रयासों से पहली बार हुआ आयोजन

नंद विहार समिति अध्यक्ष पवन मेहता के प्रयासों से कॉलोनी में पहली बार भोलेनाथ की बारात निकालने की पहल की गई। समिति सदस्यों के सहयोग और कॉलोनीवासियों की सहभागिता से आयोजन सफल रहा। समापन पर कॉलोनीवासियों ने समिति अध्यक्ष पवन मेहता सहित सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पंधाना : 4 मामलों में 70 क्वार्टर अवैध शराब जब्त

**खंडवा।** पंधाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अलग-अलग चार प्रकरणों में कुल 70 क्वार्टर देशी शराब जब्त कर चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार बस स्टैंड के पास पिंटू पिता मन्नूलाल फूलमाली के कब्जे से 22 क्वार्टर शराब, ग्राम कुसुम्बिया क्षेत्र में हिम्मत पिता लालसिंह चौहान के कब्जे से 9 क्वार्टर, ग्राम पोखरखुर्द के पास अंकित पिता अशोक बारे के कब्जे से 22 क्वार्टर तथा बलखड़ घाटी पुलिया के पास अजय पिता संजू बारेला के कब्जे से 17 क्वार्टर शराब जब्त की गई। जब्त की गई शराब की कुल कीमत करीब 8 हजार रुपये बताई गई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध पंधाना थाना पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34 ए के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है।

## खालवा : अवैध शराब के साथ आरोपी को पकड़ा

**खंडवा।** खालवा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है।पुलिस के अनुसार आरके ढाबे के पास आम रोड किनारे ग्राम खालवा क्षेत्र में मनोज कुमार पिता नारायण पाटील, निवासी तिवारी कॉलोनी खालवा के कब्जे से 36 क्वार्टर सीलबंद बॉम्बे व्हिस्की जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत लगभग 3 हजार 600 रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 ए के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

## युवक से मारपीट, तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

**खंडवा।** शहर के जलेबी चौक क्षेत्र में एक युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीन आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार छिपा कॉलोनी निवासी रेहान पिता परवेज गोरी के साथ जलेबी चौक क्षेत्र में आरोपियों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से खत्म करने की धमकी दी। मामले में अदनान, अब्बास एवं अहमद, सभी निवासी खंडवा के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर मारपीट और धमकी का आरोप

**खंडवा।** मोघट रोड थाना क्षेत्र के सेठी नगर में एक व्यक्ति के घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार सेठी नगर निवासी प्रफुल्ल पिता दिगंबर बड़ासे ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी महर्ष वैद्य, निवासी बालाजी कॉलोनी खंडवा ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज की और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचाई। आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। मोघट रोड पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से महिला घायल

**खंडवा।** पदमनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा की टक्कर से पैदल जा रही एक महिला घायल हो गई। घायल महिला के नाक, मुंह एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार अज्ञात ऑटो रिक्शा चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। घटना के बाद देहाती नालसी के आधार पर मामला दर्ज किया गया। पदमनगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ प्रकरण कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## गलत काम का विरोध करने पर दंपती से मारपीट

**खंडवा।** पंधाना थाना क्षेत्र के ग्राम कालंका में कथित रूप से गलत काम करने का विरोध करने पर एक महिला और उसके पति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने महिला और उसके पति के साथ गाली-गलौज की तथा पत्थरों और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में अनिल पिता सीताराम जामले, मालतीबाई पति अनिल जामले, रविंद्र पिता मुकेश जामले एवं नंदनी पिता मुकेश जामले, सभी निवासी ग्राम कालंका के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## पत्नी से देर से घर आने की बात पूछना पड़ा भारी, पति ने दर्ज कराया मारपीट का मामला

**खंडवा।** पिपलोद थाना क्षेत्र में पति द्वारा पत्नी से देर से घर आने का कारण पूछने पर विवाद हो गया। फरियादी का आरोप है कि इसी बात को लेकर पत्नी और ससुर ने उसके साथ गाली-गलौज कर लकड़ी से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार रामपुरी निवासी धर्मेंद्र मोरे की शिकायत पर उसकी पत्नी भारती एवं ससुर रामलाल पिता बाबूलाल गोलकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## गल्ला लेने की बात पर विवाद, दो पर मारपीट का केस

**खंडवा।** खालवा थाना क्षेत्र के ग्राम रन्हाई में गल्ला लेने की बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फरियादी के साथ गाली-गलौज की और हाथ-मुक्कों तथा हाथ में पहने कड़े से मारपीट कर चोट पहुंचाई। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। मामले में मनीष पिता रेवाराम कोरकू एवं रामकृष्ण पिता केंडे, दोनों निवासी ग्राम रन्हाई के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# मानव सेवा ही भगवान की सेवा- दिव्येश कुमार

### दस दिव्यांगों को भेंट की ट्राइसिकल, बोले– सत्संग के साथ समाज के प्रति दायित्व निभाना ही धर्म का मर्म

**खंडवा।** धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ, अनुष्ठान और धार्मिक कर्मकांड तक सीमित नहीं है। धर्म का वास्तविक स्वरूप तब सामने आता है, जब व्यक्ति अपने आसपास मौजूद जरूरतमंद, असहाय और पीड़ित लोगों के प्रति संवेदना रखते हुए उनके जीवन में सहयोग का माध्यम बनता है। मानव सेवा ही भगवान की सच्ची सेवा है। सत्संग के साथ समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना ही धर्म का मर्म है। यह बात गोस्वामी दिव्येश कुमार महाराज ने रामनारायण माहेश्वरी फाउंडेशन एवं लखन आनंद समूह द्वारा आयोजित स्मृति समारोह में व्यास गादी से संबोधित करते हुए कही।

**संतों के सान्निध्य से जागता है सेवा का भाव–** प्रवचन में महाराज श्री ने कहा कि मनुष्य भगवान तक पहुंचने के लिए अनेक मार्ग अपना सकता है। कोई पूजा-पाठ करता है, कोई ध्यान करता है तो कोई भक्ति और सत्संग का मार्ग अपनाता है, लेकिन इन सभी साधनाओं का उद्देश्य मनुष्य के भीतर करुणा और सद्भाव का जागरण होना है। यदि हमारी साधना से हमारे भीतर दूसरों के दुख को समझने की भावना पैदा नहीं होती तो उस साधना का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग केवल कथा सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि अपने जीवन को



बदलने की प्रेरणा है। सत्संग में सुने गए विचार तभी सार्थक होते हैं, जब उनका प्रभाव हमारे व्यवहार में दिखाई दे। किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना, किसी असहाय को सहारा देना और किसी व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग करना भी ईश्वर की आराधना के समान है। समाजसेवी को प्रवक्ता सम्मेलन बताया कि रामनारायण माहेश्वरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्मृति समारोह कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध संत देवेश कुमार महाराज बुधवार को खंडवा पढ़ा देते एवं शाम को अग्रवाल धर्मशाला में दिव्यांग जरूरतमंदों को ट्राईसाईकिल भेंट कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म सभा को संबोधित किया। अपने प्रवचन में गोस्वामी दिव्येश कुमार महाराज ने कहा कि प्रभु को पाने के लिए मनुष्य बाहर बहुत कुछ खोजता है, जबकि धर्म का पहला चरण स्वयं को जानना है। व्यक्ति जब अपने भीतर झांकता है तो उसे अपने कर्तव्यों और समाज के प्रति जिम्मेदारियों का बोध होता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की अनुभूति केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि सेवा और सद्भाव के कार्यों में भी की जा सकती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि अपने सामर्थ्य के अनुसार नियमित रूप से सेवा कार्यों से जुड़ें। सेवा के लिए धन ही जरूरी नहीं है। किसी जरूरतमंद को समय देना, उसकी समस्या सुनना, उसके साथ खड़ा होना और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना भी सेवा है।

**दस दिव्यांगों को भेंट की ट्राइसिकल–** समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि समारोह के दौरान महाराज श्री की प्रेरणा से दस दिव्यांग भाई-बहनों को लखन आनंद समूह द्वारा ट्राइसिकल भेंट की गई। ट्राइसिकल मिलने के बाद दिव्यांगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि धर्म और सेवा का यह संगम समाज के लिए प्रेरणादायी है। दिव्यांगजनों को जरूरत के अनुसार सहयोग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति की जिम्मेदारी है। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सेवा कार्यों को बढ़ावा मिलने से समाज में सहयोग और संवेदना की भावना मजबूत होती है।

**भक्ति के साथ सेवा का संकल्प–** महाराज श्री ने कहा कि आज समाज को केवल उपदेश की नहीं, बल्कि सेवा के संकल्प को व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। यदि एक व्यक्ति प्रतिदिन किसी एक जरूरतमंद की सहायता करने का संकल्प ले तो समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि धार्मिक पर्व, कथा और सत्संग को केवल व्यक्तिगत पुण्य तक सीमित न रखें, बल्कि इन्हें समाज सेवा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जिस सेवा में स्वार्थ न हो, वही सच्ची सेवा है। सेवा करते समय यह भाव नहीं होना चाहिए कि हम किसी पर उपकार कर रहे हैं। बल्कि यह समझना चाहिए कि ईश्वर ने हमें किसी जरूरतमंद की सहायता करने का अवसर दिया है। यही भाव मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाता है।

**महाराज श्री का किया स्वागत–** कार्यक्रम में महाराज श्री का स्वागत लखन लाल नागौरी, आनंद, संतोष नागौरी, घनश्याम शाह एवं अरुण बाहेती ने किया। अतिथियों का स्वागत नागौरी परिवार की ओर से किया गया। आज के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा आनंद नागौरी ने प्रस्तुत की।

**प्रवचन के बाद हिंडोला दर्शन और महाप्रसादी–** कार्यक्रम में तनुजा शाह ने गोस्वामी दिव्येश कुमार महाराज का परिचय दिया। प्रवचन के पश्चात हिंडोला दर्शन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आयोजन में सहभागिता कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया, जबकि आभातर आयुष नागौरी ने व्यक्त किया। सेवा कार्य और महाराज श्री के प्रवचन से प्रेरित श्रद्धालुओं ने मानव सेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# जल संचयन के बाद अमृत हरित महाअभियान में भी खंडवा नगर निगम प्रदेश में अव्वल

### लक्ष्य से 17,479 अधिक पौधे रोपे, 1.23 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 1.40 लाख पौधरोपण; 114 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में बनाया पहला स्थान

**खंडवा।** इच्छा शक्ति हो तो हर किया गया कार्य सफल होता है, शहर को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे अमृत हरित महाअभियान में खंडवा नगर निगम ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पानी रोको अभियान जल संचयन की उपलब्धि के बाद महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त प्रियंका राजावत की सक्रियता से निगम की टीम द्वारा नगर निगम ने निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़कर पौधरोपण करते हुए मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभियान के तहत निगम को 1,23,333 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन निगम ने लक्ष्य से 17,479 अधिक पौधे रोपते हुए कुल 1,40,812 पौधों का रोपण किया। इस तरह निगम ने निर्धारित लक्ष्य का 114 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में अपनी अग्रणी स्थिति दर्ज कराई।

**लक्ष्य से आगे निकलकर बनाया रिकॉर्ड–** समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि



अमृत हरित महाअभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य शहर के हरित क्षेत्र में विस्तार करने के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और नागरिकों को पौधरोपण के प्रति जागरूक करना रहा। निर्धारित लक्ष्य पूरा होने के बाद भी निगम का अभियान जारी रहा और अतिरिक्त पौधरोपण के माध्यम से लक्ष्य को पार किया गया।

**महापौर के सतत निरीक्षण से मिली रफ्तार–** इस उपलब्धि के पीछे महापौर अमृता अमर यादव के निरंतर निरीक्षण, सक्रिय नेतृत्व और सतत अनुश्रवण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महापौर द्वारा अभियान की प्रगति की लगातार समीक्षा की गई एवं सामाजिक संस्थाओं से सहयोग प्राप्त किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से लक्ष्य की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और अधिक से अधिक पौधरोपण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

**हरित क्षेत्र बढ़ाने पर जोर–** प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, पर्यावरण को बेहतर बनाने और पौधों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अमृत हरित महाअभियान के माध्यम से शहरवासियों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। निगम का मानना है कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और देखभाल की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करना जरूरी है।

**प्रदेश में पहली रैंक बनी उपलब्धि–** 1,23,333 के लक्ष्य के मुकाबले 1,40,812 पौधे लगाकर 114 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना नगर निगम के अभियान की गति और व्यापकता को दर्शाता है। प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने से निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों में उत्साह है। यह उपलब्धि खंडवा को अधिक हरित और पर्यावरण के अनुकूल शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## रक्षाबंधन पर बालाजी ग्रुप का बड़ा तोहफा, 5% फेस्टिव डिस्काउंट और कॉलोनी में उत्सव का आमंत्रण

**खंडवा।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बालाजी ग्रुप के संस्थापक श्री रितेश गोयल ने सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस पावन अवसर को आम जनता के लिए और अधिक यादगार बनाने के लिए उन्होंने विशेष घोषणाएं भी की हैं। त्योहार की खुशियों को दोगुना करते हुए श्री रितेश गोयल ने बालाजी ग्रुप की ओर से 5% फेस्टिव डिस्काउंट देने की घोषणा की है। बालाजी ग्रुप की सभी कॉलोनी पर ऑफर लागू रहेगा 7 यह ऑफर उन सभी परिवारों के लिए एक बेहतरीन अवसर है जो इस शुभ मौके पर अपने सपनों का आशियाना खरीदने की योजना बना रहे हैं।



**कॉलोनी परिसर में रक्षाबंधन मनाने का आमंत्रण–** भाई-बहन के इस पवित्र बंधन को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए बालाजी ग्रुप ने लोगों को अपनी कॉलोनियों के परिसर में आमंत्रित किया है। लोग अपने परिवार के साथ आकर इन परिसरों में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मना सकते हैं। इसके लिए ग्रुप के प्रमुख प्रोजेक्ट्स के परिसर पूरी तरह तैयार हैं: बालाजी धाम, दिव्या बालाजी नगर, बालाजी पुरम परिसर में आने वाले भाई बहन के लिए उत्सव के पलों को संजोने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। भाई-बहन यहां आकर राखी बांधने के साथ-साथ शानदार सेल्फी ले सकते हैं, फोटोशूट करवा सकते हैं और सोशल मीडिया के लिए आकर्षक रील्स भी बना सकते हैं। श्री गोयल ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि पारिवारिक एकता और खुशियों का प्रतीक है। बालाजी ग्रुप का उद्देश्य हमेशा से लोगों को सिर्फ एक घर देना ही नहीं, बल्कि हर त्योहार को एक बड़े परिवार की तरह साथ मिलकर मनाना रहा है।

# कॉलेज में गुणवत्ताहीन बाउंड्री वॉल निर्माण के मामले में विधायक पटेल ने लिया संज्ञान

### मानक स्तर का निर्माण नहीं होने से विभागीय जांच करवा कर ठेकेदार पर होगी कार्यवाही

**मुंदी/खंडवा।** नगर के संत श्री सिंगाजी महाविद्यालय में चार माह पूर्व करीब 50 लाख की लागत से कॉलेज के चारों ओर सुरक्षा घेरे के तौर पर बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक नारायण पटेल ने किया था। जिसका निर्माण कार्य संबंधित विभाग के द्वारा मुरैना के ठेकेदार को दिया गया था जबकि निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर के भी सवालिया निशान उठ रहे हैं वहीं सबसे बड़ी बात तो ठेकेदार की मनमानी के कारण घटिया स्तर की सामग्री का इस्तेमाल कर ठेकेदार के द्वारा बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन किया जा रहा है जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों ने अपनी आपत्ति दर्ज की थी और इस मामले को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने के बाद मान्धाता विधायक नारायण पटेल ने मामले को संज्ञान मे लिया है।

घटिया स्तर के निर्माण कार्य को लेकर के मांधाता विधायक नारायण पटेल ने भी



मामला संज्ञान में लेते हुए पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस मामले में कहां कि मुझे कुछ शिकायतें और प्राप्त हुई है घटिया निर्माण कार्य की और अगर ऐसी कोई बात आती है तो संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा जांच करवा कर संबंधित मुरैना के ठेकेदार फर्म के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करवाई जाएगी। मामला शिक्षा के क्षेत्र का है और कॉलेज जो संत सिंगाजी महाराज के नाम से बना हुआ है और अगर संबंधित ठेकेदार के द्वारा यहां लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है तो यह मामला बड़ा है मैं स्वयं इस मामले में कॉलेज परिसर जाकर निर्माण कार्य देखूंगा और दोषियों पर करवाई करवाई जाएगी। कॉलेज परिसर में लगातार ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री से बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य किया जा रहा है जहां सरिया लगाने में भी क्वालिटी का ध्यान नहीं रखा जा रहा है वही निर्माण कार्य में रेत की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। बाउंड्री वॉल की मजबूती पर अभी से सवाल उठने लग गए हैं कहीं-कहीं तो बेस से ईंट निकल रही है तो कहीं जोड पर 4 सरिया और कहीं 6 सरिया दिखाई दे रही है जो यह साफ-साफ दिखता है कि ठेकेदार अपनी मनमानी से कार्य कर रहा है जिस पर ना कोई विभागीय अधिकारी देखने आ रहा है ना कोई जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।